झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची (झारखंड)

प्रथम सावधिक परीक्षा -2021-2022

मॉडल प्रश्न-पत्र

सेट-1

| | | | |
|---|---|---|---|
| वर्ग- 12 | विषय-अर्थशास्त्र | पूर्णांक- 40 | समय -1 घंटा 30 मिनट |

सामान्य निर्देश-

- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है।
- कुल 40 प्रश्न हैं।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।
- प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिए।
- गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जाएँगे।

1. दो वस्तुओं X तथा Y के लिए उत्पादन संभावनाएँ इस प्रकार दी हुई हैं,

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वस्तु-X | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| वस्तु-Y | 10 | 8 | 6 | 4 | 2 | 0 |

तो उत्पादन संभावना वक्र का आकार कैसा होगा?

(A) ऋणात्मक ढाल तथा मूल बिन्दु की ओर अवतल(Concave)
(B)ऋणात्मक ढाल तथा मूल बिन्दु की ओर उत्तल(Convex)
(C) ऋणात्मक ढाल तथा एक सरल रेखा
(D) धनात्मक ढाल तथा एक सरल रेखा

2. निम्नलिखित में से कौन अर्थव्यवस्था की एक केन्द्रीय समस्या है?

(A) क्या बचत हो?
(B) क्या उपभोग हो?
(C) क्या निवेश हो?
(D) किसके लिए उत्पादन हो?

3. अर्थशास्त्र में शब्द व्यष्टि और समष्टि का प्रयोग सर्वप्रथम किस अर्थशास्त्री ने किया था?

(A) एडम स्मिथ
(B) रैग्नर फ्रिश
(C) माल्थस
(D) अल्फ्रेड मार्शल

4. एक किसान खेतों की जुताई के लिए ट्रैक्टर और हल-बैल के बीच किसी एक तकनीक का चयन करता है। उसका यह चयन अर्थव्यवस्था की किस केन्द्रीय समस्या से मेल खाता है?

(A) क्या उत्पादन करें?
(B) कैसे उत्पादन करें?
(C) किसके लिए उत्पादन करें?
(D) कितनी मात्रा में उत्पादन करें?


5. किस अर्थशास्त्री के अनुसार उपयोगिता को मुद्रा में मापा जा सकता है?

(A) लियोनल रॉबिन्स
(B) अल्फ्रेड मार्शल
(C) एडम स्मिथ
(D) वालरस

6. एक व्यक्ति 4 गोलगप्पे का उपभोग करता है। उसे प्रत्येक व्यक्तिगत इकाई से क्रमशः 15 यूटिल्स, 12 यूटिल्स, 10 यूटिल्स तथा 8 यूटिल्स उपयोगिता मिलती है, तो उसे 4 गोलगप्पे के उपभोग से कुल उपयोगिता कितनी प्राप्त होगी?

(A) 15 यूटिल्स
(B) 30 यूटिल्स
(C) 45 यूटिल्स
(D) 37 यूटिल्स

7. दो वस्तुओं रसगुल्ला और गुलाब जामुन के लिए बजट रेखा AB को निम्न रेखाचित्र से दर्शाया गया




है। इन दो वस्तुओं की कीमतें क्रमशः $P_r$ एवं $P_g$ हैं, बजट रेखा की ढाल क्या होगी?

(A) $\frac{P_r}{P_g}$
(B) $\frac{P_g}{P_r}$
(C) $P_r \times P_g$
(D) $P_r + P_g$

8. निम्नलिखित में से कौन किसी वस्तु की माँग को प्रभावित करने वाला एक कारक नहीं है?

(A) वस्तु की कीमत
(B) संबंधित वस्तु की कीमत
(C) उपभोक्ता की आय
(D) साधनों की कीमतें

9. यदि वस्तु X की कीमत कम होने से वस्तु Y की माँग कम हो जाती है, तो इन दो वस्तुओं को क्या कहा जाएगा?

(A) प्रतियोगी वस्तुएँ
(B) पूरक वस्तुएँ
(C) असंबंधित वस्तुएँ
(D) घटिया वस्तुएँ

10. यदि किसी वस्तु की कीमत में 5% की कमी होने से उसकी माँग मात्रा में 8% की वृद्धि होती है तो माँग की कीमत लोच का मान क्या होगा?

(A) 1.6
(B) 40
(C) 0.67
(D) 13

11. निम्न में से किस वस्तु की माँग लोचदार होगी?

(A) जीवन रक्षक दवाएं
(B) नमक
(C) माचिस
(D) रेफ्रीजरेटर

12. निम्न रेखाचित्र में माँग रेखा AB के बिन्दु G पर माँग की लोच क्या होगी?

(A) 0
(B) 1
(C) 1 से कम
(D) 1 से अधिक

13. किस प्रकार की वस्तु की कीमत बढ़ने पर उपभोक्ता उस वस्तु की अधिक मात्रा खरीदना चाहता है?

(A) जीवन रक्षक दवाएँ
(B) विलासिता वस्तु
(C) आवश्यक वस्तु
(D) गिफिन वस्तु

14. यदि एक उपभोक्ता एक वस्तु पर अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा खर्च करता है, तो उस वस्तु की माँग क्या होगी?

(A) बेलोचदार
(B) पूर्णतया बेलोचदार
(C) पूर्णतया लोचदार
(D) सापेक्षिक लोचदार

15.औसत स्थिर लागत वक्र का आकार होता है-


(A) ऋणात्मक ढाल की एक सरल रेखा
(B) धनात्मक ढाल की एक सरल रेखा
(C) आयताकार परवलीय
(D) गोलाकार

16.परिवर्ती साधन का औसत उत्पाद बढ़ता है, जब

(A) सीमांत उत्पाद औसत उत्पाद से अधिक होता है।
(B) सीमांत उत्पाद औसत उत्पाद से कम होता है।
(C) सीमांत उत्पाद औसत उत्पाद के बराबर होता है।
(D) सीमांत उत्पाद शून्य होता है।

17. कुल उत्पादन अधिकतम होता है, जब सीमांत उत्पादन का मान ....... होता है-

(A) 0
(B) ऋणात्मक




(C) धनात्मक
(D) अधिकतम

18. यदि कुल उत्पाद TP तथा परिवर्ती साधन की मात्रा Q है, तो औसत उत्पाद का सूत्र होगा-

(A) $\frac{TP}{Q}$ (B) $\frac{\Delta TP}{\Delta Q}$

(C) $TP \times Q$ (D) $TP + Q$

19. यदि कुल उत्पाद TP तथा परिवर्ती साधन की मात्रा Q है, तो सीमांत उत्पाद का सूत्र होगा-

(A) $\frac{TP}{Q}$ (B) $\frac{\Delta TP}{\Delta Q}$

(C) $TP \times Q$ (D) $TP + Q$

20. जब औसत लागत सीमांत लागत से कम होती है, तब औसत लागत

(A) बढ़ती है (B) स्थिर रहती है

(C) घटती है (D) न्यूनतम होती है।

21. परिवर्तनशील अनुपातों का नियम उत्पादन के कितने स्तर की व्याख्या करता है?

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) 4

22.अल्पकालीन औसत लागत वक्र का आकार होता है-

(A) उल्टा U आकार (B) U आकार

(C) एक सरल रेखा (D) आयताकार परवलीय

23. निम्नलिखित में से कौन स्थिर लागत का एक उदाहरण है?

(A) स्थायी कर्मचारी का वेतन (B) प्रति इकाई बिजली बिल

(C) दैनिक मजदूर की मजदूरी (D) कच्चे माल पर व्यय

24.औसत लागत और सीमांत लागत आपस में बराबर होती है, जब औसत लागत -

(A) बढ़ती है। (B) घटती है।

(C) अधिकतम होती है। (D) न्यूनतम होती है।

25.किसी वस्तु की प्रति इकाई बिक्री से एक उत्पादक को प्राप्त राशि क्या कहलाती है?

(A) कुल आगम (B) औसत आगम

(C) सीमांत आगम (D) औसत लागत

26. कुल लागत (TC), कुल स्थिर लागत (TFC) और कुल परिवर्तनशील लागत (TVC) के संबंध में कौन सा कथन सत्य है?

(A) TFC = TC+TVC (B) TVC = TFC+TC

(C) TC = TFC-TVC (D) TFC = TC-TVC

27. जब किसी वस्तु की माँग में वृद्धि होती है लेकिन पूर्ति में कोई परिवर्तन नहीं होता है, तब संतुलन कीमत में

(A) कमी होती है।
(B) वृद्धि होती है।
(C) कोई परिवर्तन नहीं होता।
(D) इनमें से कोई नहीं।

28. यदि किसी वस्तु की माँग (D) तथा पूर्ति (S) हो तो बाजार संतुलन की शर्त होगी-

(A) D=S
(B) D-S=0
(C) $\frac{D}{S} = 1$
(D) इनमें से सभी

29. किसी वस्तु का न्यूनतम समर्थन मूल्य बाजार मूल्य से/के

(A) कम होता है।
(B) अधिक होता है।
(C) बराबर होता है।
(D) दुगुना कम होता है।

30. निम्नलिखित में से कौन सा फलन पूर्ति के नियम को प्रदर्शित करता है?

(A) $S = f(P)$
(B) $S = f(Q)$
(C) $D = f(P)$
(D) $S = f\left(\frac{1}{P}\right)$

31. मुक्त प्रवेश और निकास की स्थिति में एक पूर्णप्रतियोगी बाजार में संतुलन कीमत .......... के बराबर होती है।

(A) न्यूनतम कुल लागत
(B) न्यूनतम औसत लागत
(C) न्यूनतम सीमांत लागत
(D) अधिकतम लागत

32. एक उत्पादक का उद्देश्य क्या होता है?

(A) लाभ अधिकतम करना
(B) लागत अधिकतम करना
(C) आगम अधिकतम करना
(D) लाभ न्यूनतम करना

33. अल्पकाल में एक पूर्णप्रतियोगी फर्म हानि प्राप्त करने के बावजूद उत्पादन जारी रखती है, जब वस्तु की कीमत

(A) सीमांत लागत के बराबर होती है।
(B) औसत लागत के बराबर होती है।
(C) औसत परिवर्तनशील लागत से अधिक या इसके बराबर होती है।
(D) न्यूनतम औसत लागत के बराबर होती है।

34. निम्नलिखित में से कौन पूर्णप्रतियोगिता की एक विशेषता नहीं है।

(A) क्रेताओं और विक्रेताओं की अधिक संख्या
(B) मुक्त प्रवेश और निकास की सुविधा
(C) सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं
(D) वस्तु की माँग बेलोचदार

35.किस प्रकार की बाजार संरचना में किसी वस्तु का एक और केवल एक उत्पादक होता है?

(A) एकाधिकार
(B) अपूर्ण प्रतियोगिता
(C) पूर्ण प्रतियोगिता
(D) द्वयाधिकार

36.निम्नलिखित में कौन सा कथन पूर्णप्रतियोगिता और एकाधिकार में स्पष्ट अंतर को व्यक्त करता है?

(A) एकाधिकार में पूर्ण प्रतियोगिता की तुलना में फ़र्मों की संख्या अधिक होती है।
(B) एकाधिकारी पूर्णप्रतियोगी फर्म की तुलना में अधिक कीमत तय करता है और कम मात्रा की बिक्री करता है।
(C) एकाधिकार में फर्म के प्रवेश और निकास की स्वतंत्रता होती है जबकि पूर्ण प्रतियोगिता में नहीं।
(D) एकाधिकार में वस्तुएं समरूप होती हैं जबकि पूर्णप्रतियोगिता में निकट प्रतिस्थापक वस्तु उपलब्ध नहीं होती।

37.एकाधिकार के अंतर्गत कीमत (P) और सीमांत लागत (MC) के बीच क्या संबंध होता है?

(A) P-MC>0
(B) P>MC
(C) $\frac{P}{MC} > 1$
(D) इनमें से सभी

38.निम्नलिखित में से किस बाजार संरचना में कीमत और सीमांत लागत में समानता पायी जाती है।

(A) एकाधिकार
(B) अपूर्ण प्रतियोगिता
(C) पूर्ण प्रतियोगिता
(D) द्वयाधिकार

39.एक विक्रेता को ₹5 प्रति इकाई कीमत पर किसी वस्तु की 60 इकाई की बिक्री से प्राप्त कुल आगम की राशि क्या होगी?

(A) ₹65
(B) ₹12
(C) ₹300
(D) ₹55

40. उत्पादन कर में वृद्धि से किसी वस्तु की पूर्ति

(A) में स्थिरता होगी।
(B) में वृद्धि होगी।
(C) में कमी होगी।
(D) में कोई परिवर्तन नहीं होगा।